HINDI

Mr. Diijon DaCosta, Sr., *बोर्ड अध्यक्ष*
Mrs. Deirdre P. Pierce, *उपाध्यक्ष*
Mrs. Anna Hill
Ms. Whitney McGinniss
Ms. Allyson Gevertz
Mrs. Vickie B. Turner
Dr. Joyce Morley

DeKalb County School District

Dr. Devon Q. Horton, *अधीक्षक*

तुरंत विज्ञप्ति के लिए

10 अक्तूबर 2023

संपर्क:

Donald Porter, *Ed.D.* 678-481-4110
Carla Parker 404-734-1717

DCSD काउंटी स्कूलों की चार-वर्षीय स्नातक दर में मामूली गिरावट आई

विकलांग विद्यार्थियों के उपसमूह की स्नातक दर में लगातार पाँचवे वर्ष वृद्धि देखने को मिली

(STONE MOUNTAIN, GA) – आज शिक्षा विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक DCSD काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट (*DCSD*) की 2023 स्कूल वर्ष की चार-वर्षीय स्नातक दर 75.77% है। पिछले वर्ष की तुलना में कुल स्नातक दर में 0.42% की कमी आई है। इसकी तुलना में, Georgia राज्य की स्नातक दर में 0.3% की मामूली वृद्धि हुई है, जो 84.06% से बढ़कर 84.36% तक पहुँच गई है।

"2023 के स्नातक विद्यार्थियों का समूह महामारी की शुरुआत में नौवीं कक्षा में पढ़ता था। स्कूल बंद रहने, वर्चुअल माध्यम से मजबूरन पढ़ाई करने और नई स्कूल व्यवस्था में खुद को ढालने के बावजूद, मुझे यह देखते हुए खुशी हो रही है कि हमारी चार-वर्षीय स्नातक दर में केवल मामूली गिरावट आई है," कहना था अधीक्षक Dr. Devon Q. Horton का। "मैं हमारे शिक्षकों, नेतृत्वकर्ताओं और स्कूल स्टाफ को धन्यवाद करना चाहूंगा, जिन्होंने अनेक मुश्किल भरे वर्षों के दौरान हमारे विद्यार्थियों और उनके समुदायों को समर्थन दिया।"

2023 स्कूल वर्ष लगातार पाँचवा वर्ष है जब विकलांग विद्यार्थियों के उपसमूह ने बेहतर प्रदर्शन किया है। पिछले छह (6) वर्षों के दौरान इस दर में 18.38% की वृद्धि हुई है।

2018	2019	2020	2021	2022	2023
44.25%	46.48%	54.56%	57.80%	60.30%	62.63%

सबसे बेहतरीन प्रदर्शन Tapestry पब्लिक चार्टर स्कूल ने किया है। इस स्कूल ने 12% से अधिक की वृद्धि के साथ दो अंकों की बढ़ोतरी का प्रदर्शन किया है, जिस कारण से इसकी चार-वर्षीय स्नातक दर 93.75% हो गई है।

चार (4) हाई स्कूलों ने पिछले स्कूल वर्ष की तुलना में 4% से अधिक की वृद्धि दर्शाई है:

- DeKalb आल्टरनेटिव हाई स्कूल (+5.41%)- *लगातार दूसरे वर्ष*
- Tucker हाई स्कूल (+4.81%)
- Martin Luther King, Jr. हाई स्कूल (+4.66%)
- Elizabeth Andrews हाई स्कूल (+4.38%)

Martin Luther King, Jr. हाई स्कूल और Tucker हाई स्कूल 2023 में क्रमशः 80.06% और 84.81% के साथ 2023 में पिछले छह (6) वर्षों के दौरान अपनी सर्वाधिक चार-वर्षीय स्नातक दर अर्जित की है।

-अधिक जानकारी-

निम्नलिखित सात (7) हाई स्कूलों में स्नातक दर में बढ़ोतरी देखी गई:

- Southwest DeKalb हाई स्कूल (+2.89%)
- Stone Mountain हाई स्कूल (+2.46%)
- Towers हाई स्कूल (+1.89%)
- Stephenson हाई स्कूल (+1.47%)
- DeKalb स्कूल ऑफ आर्ट्स (+1.30%)
- Cross Keys हाई स्कूल (+1.29%)
- Redan हाई स्कूल (+1.25%)

DCSD के दो (2) हाई स्कूलों ने 100% की शानदार स्नातक दर अर्जित की: DeKalb अर्ली कॉलेज एकेडमी (लगातार दूसरी बार) और DeKalb स्कूल ऑफ आर्ट्स। इसके अलावा, इन दोनों स्कूलों और Arabia Mountain हाई स्कूल ने लगातार छठे वर्ष 95% से अधिक की स्नातक दर अर्जित की है।

"पच्चीस (25) स्कूलों में से, जिन्हें 4-वर्षीय स्नातक दर प्राप्त हुई, तेरह (13) स्कूलों ने पिछले वर्ष (52%) की तुलना में अपनी दर को कायम रखा या उसमें वृद्धि की है। हालांकि, हम वृद्धि अर्जित करने वाले स्कूलों के लिए खुश हो सकते हैं, पर हम इस बात से अवगत हैं कि उनमें से ज़्यादातर स्कूलों की स्नातक दर 90% से कम है," कहना था Dr. Horton का।

"हमें विद्यार्थी समूहों के बड़े पैमाने पर स्कूल बीच में छोड़ देने, स्नातक समूह परिचालन पद्धतियों, नियमित शिक्षा रणनीतियों और अनुपूरक विद्यार्थी समर्थन का गहन विश्लेषण करना चाहिए, जिससे कि हमारी डिस्ट्रिक्ट और स्कूल स्तरीय स्नातक दरों में बढ़ोतरी के लिए मौजूदा प्रथाओं को बेहतर बनाने के हमारे अगले कदमों का निर्धारण किया जा सके।"

XXX

Robert R. Freeman Administrative Complex
1701 Mountain Industrial Blvd. | Stone Mountain, GA 30083
678.676.1200 | www.dekalbschoolsga.org